रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1524] नई दिल्ली, शुक्रवार, जुलाई 17, 2015/आषाढ़ 26, 1937
No. 1524] NEW DELHI, FRIDAY, JULY 17, 2015/ASADHA 26, 1937

## पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

### अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 जुलाई, 2015

**का.आ. 1949(अ).**—निम्नलिखित प्रारूप अधिसूचना, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है ; और यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव देने में हितबद्ध है, इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, आक्षेप या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 या ई-मेल पते: esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकेगा ।

### प्रारूप अधिसूचना

हिमाचल प्रदेश के मण्डी जिले में अवस्थित और अक्षांश 31° 25' 13"उ. से 31° 28' 41"उ. और देशान्तर 76° 52' 17"पू. से 76° 56' 47"पू. के बीच बांडली वन्यजीव अभयारण्य 32.11 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है;

**और,** जहाँ वनस्पति एवं जीवजन्तु प्रजाति इस अभयारण्य की जैव विविधता के महत्व को प्रदर्शित करती है। इस क्षेत्र में प्रमुख वनस्पति प्रजाति फैलनथूसिम्बिलिका, अकाकि कैटेचू, कासिया फिसटूला, डालबेरजियासिस्, टरमिनालियाबेलीरेका, सईजिजूमक्यूमिनी सिनामोमूमटामाला, फिनोक्स और फिनूसरोक्सबूरधि हैं ;

जीव–जन्तुओं में प्रमुख प्रजातियाँ लियोपार्ड, लियोपार्ड कैट, जंगल कैट, गोराल, हिमालियन सिविट, हिमालियन यल्लो थरोटड मारटन, ब्लैक बियर, पोरक्यूपाइन, फ्लांइग स्कोइरल, बंदर, लंगूर, बारकिंग डियर, भारतीय खरगोश है ;

और, पारिस्थितकीय, पर्यावरणीय और जैव विविधता के दृष्टिकोण से बांडली वन्यजीव अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्र के परिवर्ती क्षेत्र को पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के रूप में संरक्षित और परिरक्षित करना आवश्यक है ।

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उप धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश राज्य के बांडली वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 50 मीटर तक के क्षेत्र को बांडली वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकीय संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकीय संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**—(1) पारिस्थितिकीय संवेदी जोन बांडली वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के 50 मीटर चारों और 1.68 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है | बांडली वन्यजीव अभयारण्य के सीमा विवरण और इसका पारिस्थितिक संवेदी जोन जीपीएस निर्देशांकों के संदर्भ में **उपाबंध-I** पर उपाबद्ध है और पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध-II** पर उपाबद्ध है ।

पारिस्थितिकीय संवेदी जोन का मानचित्र इसके सीमा विवरण और इसके अक्षांश और देशान्तर के साथ **उपाबंध-III** पर उपाबद्ध है ।

**2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना**–(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से, और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) आचंलिक महायोजना का अनुमोदन राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा ।

(3) पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना राज्य सरकार द्वारा ऐसी रीति जैसा इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट है और सुसंगत केन्द्रीय और राज्य विधियों तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों, यदि कोई हो, के अनुरूप भी तैयार की जाएगी ।

(4) आंचलिक महायोजना सभी संबद्ध राज्य विभागों के साथ परामर्श से पर्यावरणीय और पारिस्थितिकीय विचारणों को उसमें एकीकृत करने के लिए तैयार की जाएगी, अर्थात्:—

(i) पर्यावरण ;

(ii) वन ;

(iii) नगर विकास ;

(iv) पर्यटन ;

(v) नगरपालिक ;

(vi) राजस्व ;

(vii) कृषि ;

(viii) हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड;

(ix) सिंचाई; और

(x) लोक निर्माण विभाग,

(5) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचनात्मक और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आंचलिक महायोजना सभी अवसंरचना और कार्यकलापों में दक्षता और पारिस्थितिकीय अनुकूलता का संवर्द्धन करेगी।

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, आर्किडों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी जिससे कि स्थानीय समुदायों के पारिस्थितिकजन्य विकास और जीविका को सुनिश्चित किया जा सके।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय**—राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :—

(1) **भू-उपयोग**—पारिस्थितिक संवेदी जोन में आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन के अधीन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन मद सं. 10, 21, 35 और 36 के सामने सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :—

(i) पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिकीय अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि ;

(ii) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और नई सड़कों का सन्निर्माण;

(iii) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण दस्तकार, सुविधा स्टोर और स्थानीय सुविधाएं हैं; और

(iv) वर्षा जल संचय;

परंतु यह और कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 तथा तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की

मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में केवल एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी :

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप-पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक स्रोत**—आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनर्नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन**—(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, जो आंचलिक महायोजना का भाग रूप में निम्नलिखित रूप में होंगे ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, राज्य सरकार द्वारा राजस्व और वन विभाग, के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :—

(i) पारिस्थितिक संवेद्री जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गनिदेशों के अनुसार होगा जिसमें पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व दिया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा;

(ii) पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभाग के लिए आवास के सिवाए बांडली वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के एक किलोमीटर के भीतर नए होटलों और विश्राम स्थलों के निर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत**—पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातो आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना जोनल मास्टर प्लान का भाग होगा ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल**—पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होंगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण**–पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा।

(7) **वायु प्रदूषण**–पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण**–पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट**–ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा–

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 908(अ), तारीख 25 सितंबर, 2000 नगरपालिक ठोस अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भष्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**—पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन द्वारा पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 630(अ) तारीख 20 जुलाई, 1998 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 1998 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(11) **यानीय परिवहन**—परिवहन की यानीय गतिविधि प्राणीयों के अनुकूल रीति से विनियमित की जाएगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और जब तक ऐसी आंचलिक महायोजना राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा तैयार और अनुमोदित नहीं किया जाता है | मानीटरी समिति सुंसगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों नियमों और विनियमों के अधीन यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(12) **औद्योगिक इकाईयां**–

(क) प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योगों के किसी स्थापन की अनुज्ञा विधि के अनुसार स्थापित विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योगों के सिवाए नहीं दी जाएगी।

(ख) प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर जल, वायु, मृदा, ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले किसी नए उद्योग के किसी प्रस्थापन की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

3138 GI/15-2

**4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों की सूची**–पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :—

**सारणी**

| क्रम सं. | क्रियाकलाप | टीका-टिप्पणी |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| | **प्रतिसिद्ध क्रियाकलाप :** | |
| 1. | वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां। | (क) नए खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर उत्खनन और तोड़ने की इकाईयों को व्यक्तिगत उपभोग के लिए मकानों के सन्निर्माण या मरम्मत के लिए और भूमि को खोदने या मकानों के लिए देसी टाइल्स या ईंटों के निर्माण के प्रतिनिर्देश से स्थानीय निवासियों के सदभाविक घरेलू आवश्यकताओं के सिवाए प्रतिषिद्ध किया जाएगा ;<br>(ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4.8.2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21.04.2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा। |
| 2. | आरा मशीनों की स्थापना। | पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मशीनों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा। |
| 3. | किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन। | लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)। |
| 4. | जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना। | पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए और विद्यमान प्रदूषण कारित करने वाले का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा। |
| 5. | नए वृहत तापीय और जल विद्युत परियोजना। | लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)। |
| 6. | जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग। | लागू विधियों के अनुसार विनियमित। |
| 7. | पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे रोप-वे, गर्म वायु गुबारों आदि द्वारा राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना। | लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)। |
| 8. | प्राकृतिक जल निकायों या भू-क्षेत्र में अनपचारित बहिस्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्तारण। | लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)। |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे रोप-वे, गर्म वायु गुबारों आदि द्वारा अभ्यारण्य क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना। | लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)। |
| | **विनियमित क्रियाकलाप** | |
| 10. | होटल और विश्राम स्थलों का स्थापन। | पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए आवास के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 1 किलोमीटर के भीतर किसी नए वाणिज्यिक होटलों और विश्रामस्थलों की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी। लेकिन संरक्षित क्षेत्र की सीमा के एक किलोमीटर से पारिस्थितकीय संवेदी जोन के विस्तार तक होटल और विश्रामस्थलों की स्थापना आंचलिक महायोजना के अनुसार की जा सकती है। |
| 11. | सन्निर्माण क्रियाकलाप। | (क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार के नए वाणिज्यिक सन्निर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।<br>परन्तु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने रिहायशी उपयोग के लिए अपनी भूमि पर सन्निर्माण करने की अनुज्ञा दी जाएगी।<br>परन्तु यह और कि प्रदूषण न कारित करने वाले लघु उद्योगों से संबंधित सन्निर्माण क्रियाकलापों को विनियमित किया जाएगा और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हैं, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुज्ञा के साथ न्यूनतम तक रखा जाएगा। |
| 12. | खाई का मैदान। | नए खाई खोदने के मैदान का स्थापित किया जाना प्रतिषिद्ध है। पुराने खाई के मैदान लागू विधियों के अधीन विनियमित किए जाएं। |
| 13. | प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। |
| 14. | वायु और यानीय प्रदूषण। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। |
| 15. | ध्वनि प्रदूषण। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। |
| 16. | भू-जल उत्कर्षण। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। |
| 17. | वृक्षों की कटाई। | (क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी।<br>(ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी।<br>(ग) आरक्षित वनों और संरक्षित वनों की दशा में कार्य योजना अनुदेशों का पालन किया जाएगा। |

| | | |
|---|---|---|
| 18. | प्रवासी चरने वाले । | लागू विधियों के अधीन और आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे । |
| 19. | विद्यमान स्थापन । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 20. | विद्युत लाइनों को पृथक करना । | भूमितगत केबलों का प्रोन्नयन । पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर से गुजरने वाली सभी विद्यमान विद्युत लाइनों को आंचलिक महायोजना के अधीन विहित समय सीमा के भीतर पर्याप्त रूप से पृथक्कृत किया जाएगा । |
| 21. | विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण । | उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनिकरण उपाय यथा लागू अनुसार होंगे । |
| 22. | होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड़ लगाना । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 23. | जन अधिकार । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 24. | छोटे चारे का संग्रह । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 25. | कृषि प्रणालियों में आमूल परिवर्तन । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 26. | प्राकृतिक जल संसाधन जिसमें भूमिगत जल भी सम्मिलित है, का वाणिज्यिक उपयोग । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 27. | रात्रि में यानिक यातायात का संचलन । | लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे । |
| 28. | विदेशी प्रजातियों को लाना । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 29. | साइनबोर्ड और होर्डिंग । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 30. | प्लास्टिक बैगों का उपयोग। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 31. | पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| **अनुमत क्रियाकलाप** | | |
| 32. | स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि और मछली पालन । | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । |
| 33. | जैविक खेती । | सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए । |

| | | |
|---|---|---|
| 34. | सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना । | सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए । |
| 35. | कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं। | सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए । |
| 36. | वर्षा जल संचयन । | सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए । |
| 37. | नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग । | बायो गैस, सोलर लाइट आदि को बढ़ावा दिया जाए । |

**5. मानीटरी समिति—**(1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उपायुक्त, मंडी | अध्यक्ष |
| 2. | हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा परिस्थिति विज्ञान और पर्यावरण के क्षेत्र से (प्रत्येक मामले में एक वर्ष के लिए) नामित एक विशेषज्ञ | सदस्य |
| 3. | पर्यावरण (जिसके अन्तर्गत विरासत संरक्षण है) के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन का भारत सरकार द्वारा नामित (प्रत्येक मामले में एक वर्ष के लिए) एक प्रतिनिधि | सदस्य |
| 4. | कार्यकारी अभियन्ता, हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, | सदस्य |
| 5. | वरिष्ठ नगर योजनाकार | सदस्य |
| 6. | संभागीय वन अधिकारी (वन्यजीव), कुल्लू | सदस्य |
| 7. | संभागीय वन अधिकारी (प्रादेशिक), सुकैत | सदस्य-सचिव |

(2) मानिटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संरक्षित क्षेत्र का प्रभारी ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 (1986 का 29) के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्य जीव वार्डन को **उपाबंध-III** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

6. माननीय भारत के उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन, इस अधिसूचना के उपबंध होंगे ।

[फा. सं. 25/123/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. टी. चांदनी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध–I

बांडली वन्यजीव अभयारण्य का सीमा विवरण और इसका पारिस्थितिक संवेदी जोन

भौगोलिक स्थिति निर्धारण सिस्टम के अनुसार बांडली वन्यजीव अभयारण्य का सीमा विवरण

| क्र. सं. | भौगोलिक स्थिति निर्धारण सिस्टम | देशांतर | अक्षांश |
|---|---|---|---|
| 1 | पू 01 | 76° 52.085' पू | 31° 26.956' उ |
| 2 | पू 02 | 76° 52.638' पू | 31° 27.238' उ |
| 3 | पू 03 | 76° 53.154' पू | 31° 27.177' उ |
| 4 | पू 04 | 76° 52.751' पू | 31° 27.715' उ |
| 5 | पू 05 | 76° 53.012' पू | 31° 28.036' उ |
| 6 | पू 06 | 76° 53.142' पू | 31° 28.410' उ |
| 7 | पू 07 | 76° 53.615' पू | 31° 28.491' उ |
| 8 | पू 08 | 76° 53.649' पू | 31° 27.869' उ |
| 9 | पू 09 | 76° 54.620' पू | 31° 27.611' उ |
| 10 | पू 10 | 76° 54.709' पू | 31° 28.247' उ |
| 11 | पू 11 | 76° 55.400' पू | 31° 28.297' उ |
| 12 | पू 12 | 76° 56.011' पू | 31° 27.060' उ |
| 13 | पू 13 | 76° 56.459' पू | 31° 26.302' उ |
| 14 | पू 14 | 76° 56.835' पू | 31° 25.638' उ |
| 15 | पू 15 | 76° 55.602' पू | 31° 25.222' उ |
| 16 | पू 16 | 76° 54.927' पू | 31° 25.721' उ |
| 17 | पू 17 | 76° 53.725' पू | 31° 25.439' उ |
| 18 | पू 18 | 76° 53.105' पू | 31° 25.602' उ |
| 19 | पू 19 | 76° 52.934' पू | 31° 25.891' उ |
| 20 | पू 20 | 76° 53.267' पू | 31° 26.519' उ |
| 21 | पू 21 | 76° 52.513' पू | 31° 26.673' उ |

**भौगोलिक स्थिति निर्धारण सिस्टम के अनुसार बांडली वन्यजीव अभयारण्य का सीमा विवरण**

| क्र.सं. | भौगोलिक स्थिति निर्धारण सिस्टम | देशांतर | अक्षांश |
|---|---|---|---|
| 1 | पू 01 | 76° 53.071' पू | 31° 25.599' उ |
| 2 | पू 02 | 76° 52.835' पू | 31° 25.850' उ |
| 3 | पू 03 | 76° 53.130' पू | 31° 26.354' उ |
| 4 | पू 04 | 76° 53.231' पू | 31° 26.509' उ |
| 5 | पू 05 | 76° 52.086' पू | 31° 27.005' उ |
| 6 | पू 06 | 76° 52.396' पू | 31° 27.612' उ |
| 7 | पू 07 | 76° 52.662' पू | 31° 27.277' उ |
| 8 | पू 08 | 76° 53.163' पू | 31° 27.222' उ |
| 9 | पू 09 | 76° 53.208' पू | 31° 27.475' उ |
| 10 | पू 10 | 76° 52.732' पू | 31° 27.688' उ |
| 11 | पू 11 | 76° 52.665' पू | 31° 27.871' उ |
| 12 | पू 12 | 76° 52.959' पू | 31° 28.038' उ |
| 13 | पू 13 | 76° 53.116' पू | 31° 28.324' उ |
| 14 | पू 14 | 76° 53.504' पू | 31° 28.540' उ |
| 15 | पू 15 | 76° 53.688' पू | 31° 27.881' उ |
| 16 | पू 16 | 76° 54.586' पू | 31° 27.643' उ |
| 17 | पू 17 | 76° 54.684' पू | 31° 28.280' उ |
| 18 | पू 18 | 76° 55.387' पू | 31° 28.318' उ |
| 19 | पू 19 | 76° 55.927' पू | 31° 28.015' उ |
| 20 | पू 20 | 76° 56.072' पू | 31° 27.063' उ |
| 21 | पू 21 | 76° 56.485' पू | 31° 26.297' उ |
| 22 | पू 22 | 76° 56.858' पू | 31° 25.640' उ |

उपाबंध-II

**बांडली वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकीय संवेदी जोन में आने वाले ग्रामों की सूची**

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम |
|---|---|
| 1 | सरनी |

**उपाबंध-III**

**बांडली वन्यजीव अभ्यारण्य के पारिस्थितिकीय संवेदी जोन का मानचित्र इसके अक्षांश और देशान्तर के साथ**



उपाबंध-IV

## पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तिथि।

2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें। बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें।

3. आचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)।

4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)।

5. ईआईए अधिसूचना, 2006 (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)
के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश। ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं।

6. ईआईए अधिसूचना, 2006 (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)
के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश। ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं।

7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश (पारिस्थितिक संवेदी जोनवार)।

8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय।

## MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

### NOTIFICATION

New Delhi, the 17th July, 2015

**S.O. 1949(E).**—The following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of Section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Aliganj, New Delhi-110003, or send it to the e-mail address of the Ministry at: - esz-mef@nic.in.

**Draft Notification**

Whereas, the Bandli Wildlife Sanctuary located in Mandi District, Himachal Pradesh and lying between latitude $31^0 25'$ 13" N to $31^0 28'$ 41" N, longitude $76^0 52'$ 17" E to $76^0 56'$ 47" E is spread over an area of 32.11 Sq. Km;

And Whereas, the flora and fauna represent rich biological significance of this Sanctuary. The main species of flora in the area are phyllanthusemblica, Acacia catechu, Cassia fistula, Dalbergiasissoo, Terminaliabelerica, Syziziumcumini, Cinnamomumtamala, phoenix and pinusroxburghii ;

The Key species of fauna found in areas are Leopard, Leopard Cat, Jungle Cat, Goral, Himalayan Civit, Himalayan Yellow Throated Marten, Black Bear, Porcupine, Flying squirrel, Monkey, Langoor, Barking deer, Indian hare;

And Whereas, it is necessary to conserve and protect the area surrounding the protected area of Bandli Wildlife Sanctuary as Eco-sensitive zone from ecological, environmental and biodiversity point of view.

